भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. *837 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है

**नव मंगलूर पत्तन**

**† 837. कैप्टन बृजेश चौटा :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नव मंगलूर पत्तन के एक प्रमुख पत्तन होने तथा एक समर्पित क्रूज टर्मिनल होने के बावजूद, वर्ष 2012-13 से "अवसंरचना के उन्नयन के लिए केंद्रीय अभिकरणों को सहायता योजना" के अंतर्गत शामिल न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार वर्ष 2025-26 के लिए नव मंगलूर पत्तन को उक्त योजना के अंतर्गत शामिल करने की योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रयोजन के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जानी आवश्यक है?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण (एनएमपीए) ने पत्तन के अपने संसाधनों का उपयोग करके क्रूज यात्रियों के सुचारू संचालन के लिए सभी सुविधाओं से युक्त क्रूज टर्मिनल और क्रूज लाउंज विकसित किया है और केंद्रीय एजेंसियों से कोई सहायता नहीं मांगी है।

**(ख) और (ग):** ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****